# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता / 634
दिनांक :– 03.7.2021

सेवा में,

सचिव / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध स्ववित्त पोषित बी0एड0 संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः–** बी0एड0 प्रवेश परीक्षा की काउन्सिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले महाविद्यालयों की सम्बद्धता की तिथि के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्याः 263 / सत्तर–07–2021–बी0एड0(05) / 2014 दिनांक 17.06.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत लाकडाउन के कारण विशेष परिस्थितियों में बी0एड0 पाठयक्रम में सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 10, मई को बढाकर 31, जूलाई 2021 किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी है कि उक्त तिथि परिवर्तन बी0एड0 प्रवेश परीक्षा वर्ष 2021 हेतु लागू रहेगा। आगामी वर्षो में उक्त अधिसूचना दिनांक 10, जून 2015 में उल्लेखित प्राविधानों के अनुसार ही काउन्सिलिंग प्रक्रिया सम्पन्न करायी जाएगी।

अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 संस्थान जिनकी सम्बद्धता दिनांक 30.06.2021 को पूर्ण हो रही है वे संस्थान दिनांक 01.07.2021 से सम्बद्धता विस्तारण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण मण्डल से संस्थान का निरीक्षण कराकर निरीक्षण आख्या सदस्य सचिव के माध्यम से दिनांक 20.07.2021 तक प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

02-07-21

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. सचिव प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचना एवं प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)

Vivt.(591)